मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-241
06/05/2020

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा

- प्राप्त शिकायतों पर रहें संवेदनशील, शिकायत मिलने पर त्वरित जॉच कराकर समुचित कार्रवाई की जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके

- बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों का स्किल सर्वे ठीक से हो ताकि क्वारंटाइन अवधि के बाद गाइडलाइन के अनुरूप उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग हो सके। राज्य की अर्थव्यवस्था में इनका महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

- रोजगार सृजन के कार्यों का गहन अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाय, मनरेगा के कार्यों की सघन निगरानी करें

- बड़ी संख्या में लोग बाहर से आ रहे हैं, उनकी विधिवत स्क्रीनिंग हो तथा प्रोटोकॉल के अनुसार टेस्टिंग हो

- जिला स्तर पर भी टेस्टिंग की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों का टेस्ट शीघ्रता से जिले में ही हो सके जिले के टेस्टिंग सेंटर निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो

- राज्य मुख्यालय की जिला मुख्यालयों के साथ ही दूसरे राज्यों के साथ सूचनाओं के आदान–प्रदान की सुदृढ़ व्यवस्था रहे ताकि सही एवं सटीक सूचनाओं का त्वरित रूप से आदान–प्रदान हो सके

पटना, 06 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर किये जा रहे उपायों पर विस्तृत चर्चा हुयी।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान सरकार द्वारा लोगों को कई प्रकार से सहायता पहुँचायी जा रही है। इस क्रम में लोगों से प्राप्त शिकायतें या उनसे मिले फीडबैक पर पदाधिकारी संवेदनशील रहें। शिकायतों पर त्वरित जॉच कराकर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सके।

समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि बाहर से आ रहे प्रवासी श्रमिकों का स्किल सर्वे एक ऐप डेवलप कर बेहतर तरीके से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रमिकों का स्किल सर्वे बेहतर ढंग से हो ताकि क्वारंटाइन अवधि के बाद गाइडलाइन्स के अनुरूप उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में इनका महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन के कार्यों का भी गहन अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाय ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (मनरेगा) के कार्यों की सघन निगरानी की जरूरत है। मनरेगा में बड़ी संख्या में मानव दिवस सृजित हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग बाहर से आ रहे हैं, उनकी विधिवत स्क्रीनिंग हो तथा प्रोटोकॉल के अनुसार टेस्टिंग की कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर भी टेस्टिंग की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों का टेस्ट शीघ्रता से जिले में ही हो सके। उन्होंने कहा कि जिले के टेस्टिंग सेंटर निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मुख्यालय की जिला मुख्यालयों के साथ ही दूसरे राज्यों के साथ सूचनाओं के आदान–प्रदान की सुदृढ़ व्यवस्था रहे ताकि सही एवं सटीक सूचनाओं का त्वरित रूप से आदान–प्रदान हो सके। इससे बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों को सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, जिसके कारण बिहार में कोरोना संक्रमण का असर कम हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी आमलोगों तक पहुँचाये जाने की जरूरत है ताकि लोग उसका लाभ सही ढंग से उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से लोगों को सजग एवं सतर्क रहना है। हमारी हर परिस्थिति पर नजर है। लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ठीक ढंग से करते रहें, यही कोरोना संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

******